DAL–04

June – Examination 2023

Diploma in Apabhransha Language

पाण्डुलिपि विज्ञान एवं अपभ्रंश पाण्डुलिपियाँ

Paper : DAL-04

*Time : **3** Hours]* *[Maximum Marks : **100***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **10×2=20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. (i) डिप्लोमैटिक्स किसे कहते हैं ?

(ii) लिपिकर्ता के किन्हीं **दो** प्रकारों को लिखिए।

(iii) पतित पाठ विभाग का संकेत चिह्न लिखिए।

(iv) 'पा' यह किस शब्द का संक्षिप्तीकरण चिह्न है ?

(v) मुष्टी किसे कहते हैं ?

(vi) गणावर्त लिपि किस प्रकार की लिपि है ?

(vii) ब्राह्मी लिपि का सम्बन्ध किस विदेशी लिपि से है ?

(viii) रुढ़ शब्द क्या है ?

(ix) जैविकीय क्षय किसे कहते हैं ?

(x) किसी एक श्वेताम्बर जैन पाण्डुलिपि भण्डार का नाम लिखिए।

खण्ड—ब 4×10=40

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है।

2. पाण्डुलिपि विज्ञान की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए।
3. लिपिकर्ता के गुणों को बताइए।
4. अलंकरण पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।
5. शिलालेखों के आधार पर पाण्डुलिपि के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।
6. सिन्धु को संक्षेप में समझाइए।
7. दक्षिण भारत में प्रचलित लिपियों को संक्षेप में समझाइए।

8. खरोष्ठी लिपि के नामकरण पर प्रकाश डालिए।
9. पाण्डुलिपि काल संकेत के प्रकारों को संक्षेप में समझाइए।

खण्ड—स 2×20=40

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

10. अनुसन्धानकर्ता द्वारा ग्रन्थ के परिचय पर एक निबन्ध लिखिए।
11. लिप्यासन के आधार पर पाण्डुलिपि के प्रकारों का नामोल्लेख कीजिए।
12. लिपि के इतिहास एवं विकासक्रम का वर्णन कीजिए।
13. पाण्डुलिपि संरक्षण के विविध प्रकारों का वर्णन कीजिए।